भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1034

जिसका उत्तर शुक्रवार, 22 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

**कानूनी सहायता कार्यक्रम**

**1034. श्री कृष्णपालसिंह यादव :**

**प्रो. रीता बहुगुणा जोशी :**

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :**

**डॉ. हिना विजयकुमार गावीत :**

**डॉ. सुजय विखे पाटील :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) वर्तमान में सरकार द्वारा कार्यान्वित किये जा रहे कानूनी सहायता कार्यक्रमों तथा विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार आवंटित / उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े कितने व्यक्तियों को राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान की गई थी ;

(ग) सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में गरीबतम लोगों को कानूनी सेवाओं की आसानी से उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ; और

(घ) सरकार द्वारा समाज के कमजोर वर्ग को एक समान निःशुल्क और व्यापक कानूनी सेवाएं प्रदान करने हेतु एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क स्थापित करने के लिए और क्या कदम उठाए गए हैं ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय मंत्री**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

**(क) और (ख) :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एन ए एल एस ए) का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण (एल एस ए) अधिनियम, 1987 के अधीन किया गया है, जो समाज के दुर्बल वर्गों जिसके अंतर्गत् धारा 12 के अधीन आने वाले फायदाग्राही भी हैं, को नि:शुल्क और सक्षम विधिक सेवा यह सुनिश्चित करने हेतु कि आर्थिक या अन्य नि:शक्ताओ के कारण कोई भी नागरिक सुरक्षित न्याय पाने के अवसर से वंचित न

रह जाए, और यह सुनिश्चित करने हेतु कि विधिक प्रणाली का संचालन से समान अवसर के आधार पर न्याय का संवर्धन हो, लोक अदालतों का आयोजन करता है ।

इस प्रयोजन के लिए, उच्चतम न्यायालय से तालुक न्यायालय स्तर तक विधिक सेवा संस्थाएं गठित की गई हैं । विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा किए जाने वाले क्रियाकलाप/ कार्यक्रमों जिसके अंतर्गत् विधिक सहायता और सलाह; विधिक जागरुकता कार्यक्रम; विधिक सेवाएं/ सशक्तीकरण शिविर; विधिक सेवा क्लीनिक; विधिक साक्षरता क्लब, लोक अदालत और पीड़ित क्षतिपूर्ति स्कीम का कार्यान्वयन है । सहायता अनुदान के अधीन निधियां वार्षिक आधार पर सरकार द्वारा नालसा को आबंटित और स्वीकृत की जाती है । पिछले तीन वर्षों के दौरान विधिक सहायता कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरणों को नालसा द्वारा आबंटित की गई निधियों का विवरण उपाबंध-क पर दिया गया है । पिछले तीन वर्षो के दौरान जो प्रो-बोनो विधिक सेवाएं प्रदत्त की गई थी उन व्यक्तियों की संख्या से संबंधित विवरण उपाबंध- ख पर दिया गया है ।

**(ग) और (घ) :** न्यायालय तक सम्यापूर्ण पहुंच को समर्थ बनाने के लिए, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने जनसाधरण की विधिक सहायता तक पहुंच को आसान बनाने के लिए एंड्रायड और आई ओ एस पर विधिक सेवा मोबाइल एप आरंभ शुरु कीया है ।

इसके अतिरिक्त, न्याय तक पहुंच पर 'भारत में न्याय तक समग्र पहुंच हेतु नवाचार समाधान तैयार करना' नामक एक स्कीम आरंभ की गई है। जिसका उद्देश्य टेली-लॉ के माध्यम से पूर्व-मुकदमेबाजी सलाह और परामर्श को सुदृढ़ करना और अगम्यतक पहुंचना; न्याय बंधु (प्रो-बोनो विधिक सेवा) कार्यक्रम के माध्यम से प्रो-बोनो विधिक सेवाओं के परिदान को अखिल-भारतीय वितरण ढ़ॉचा सुनिश्चित करना; अपने न्याय मित्र कार्यक्रम के माध्यम से जिला स्तर पर 15 वर्ष पुराने लंबित मामलों के निपटान की सुकर बनाना और अखिल भारतीय विधिक साक्षरता और विधिक जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को सशक्त करना है। यह स्कीम प्रौधोगिकी का उपयोग करती है। इसके हस्तक्षेप का समर्थन करने और समाज के निर्धन और दुर्लभ वर्गों के लिए विधि सेवाओं की आसान पहुंच प्राप्त करने के लिए प्रादेशिक/ स्थानीय बोली और प्रासंगिक आई ई सी (सूचना, शिक्षा और संचार) सामग्री को विकसित करती है ।

*****************

**उपाबंध-क**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **डा. कृष्णपाल सिंह यादव और अन्य, संसद सदस्यों, द्वारा कानूनी सहायता कार्यक्रम के संबंध में उठाये गये लोकसभा अंताराकित प्रश्न संख्या 1034 जिसका उत्तर 22.07.2022 को दिया जाना है के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण** | | | | |
| **पिछले तीन वर्षों के दौरान विधिक सहायता कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरणों को आबंटित की गई निधियों (रुपये में) के ब्यौरें को दर्शाने वाला विवरण** | | | | |
| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र प्राधिकरण का नाम** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2,00,00,000 | 3,40,00,000 | 5,00,00,000 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 2,00,00,000 | 1,00,00,000 | 1,40,00,000 |
| 3 | असम | 3,00,00,000 | 3,70,00,000 | 6,40,00,000 |
| 4 | बिहार | 4,50,00,000 | 3,70,00,000 | 7,60,00,000 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 6,00,00,000 | 3,95,00,000 | 5,25,00,000 |
| 6 | गोवा | 0 | 50,00,000 | 15,00,000 |
| 7 | गुजरात | 3,50,00,000 | 3,45,00,000 | 5,75,00,000 |
| 8 | हरियाणा | 9,00,00,000 | 4,50,00,000 | 6,50,00,000 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 4,00,00,000 | 1,85,00,000 | 2,45,00,000 |
| 10 | जम्मू - कश्मीर | 6,00,00,000 | 3,50,00,000 | 4,65,00,000 |
| 11 | झारखंड | 4,00,00,000 | 4,00,00,000 | 7,35,00,000 |
| 12 | कर्नाटक | 7,00,00,000 | 6,25,00,000 | 7,50,00,000 |
| 13 | केरल | 11,00,00,000 | 5,25,00,000 | 9,90,00,000 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 4,50,00,000 | 3,00,00,000 | 5,00,00,000 |
| 15 | महाराष्ट्र | 6,00,00,000 | 6,25,00,000 | 8,25,00,000 |
| 16 | मणिपुर | 4,00,00,000 | 1,00,00,000 | 1,05,00,000 |
| 17 | मेघालय | 1,00,00,000 | 50,00,000 | 50,00,000 |
| 18 | मिजोरम | 2,50,00,000 | 50,00,000 | 1,15,00,000 |
| 19 | नागालैंड | 2,50,00,000 | 50,00,000 | 1,15,00,000 |
| 20 | ओडिशा | 6,00,00,000 | 3,25,00,000 | 4,25,00,000 |
| 21 | पंजाब | 10,00,00,000 | 3,25,00,000 | 6,40,00,000 |
| 22 | राजस्थान | 6,50,00,000 | 4,55,00,000 | 7,00,00,000 |
| 23 | सिक्किम | 2,50,00,000 | 50,00,000 | 65,00,000 |
| 24 | तमिलनाडु | 5,00,00,000 | 4,20,00,000 | 6,00,00,000 |
| 25 | तेलंगाना | 3,50,00,000 | 3,50,00,000 | 4,10,00,000 |
| 26 | त्रिपुरा | 3,00,00,000 | 2,80,00,000 | 2,65,00,000 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 3,00,00,000 | 6,50,00,000 | 6,00,00,000 |
| 28 | उत्तराखंड | 2,00,00,000 | 2,50,00,000 | 2,55,00,000 |
| 29 | पश्चिमी बंगाल | 9,00,00,000 | 5,20,00,000 | 7,00,00,000 |
| 30 | अंदमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 | 0 |
| 31 | चंडीगढ़ | 1,00,00,000 | 80,00,000 | 55,00,000 |
| 32 | दादरा और नागर हवेली | 0 | 2,50,000 | 0 |
| 33 | दमन और दीव | 0 | 2,50,000 | 0 |
| 34 | दिल्ली | 8,00,00,000 | 5,00,00,000 | 9,30,00,000 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पुडुचेरी | 0 | 10,00,000 | 20,00,000 |
| 37 | लद्दाख | 0 | 0 | 65,00,000 |
| 38 | उच्चतम न्यायालय विधि सेवा आयोग | 0 | 1,00,00,000 | 10000000 |
| | **कुल योग** | **1,42,00,00,000** | **1,00,00,00,000** | **1,45,30,00,000** |

**उपाबंध - ख**

| **डा. कृष्णपाल सिंह यादव और अन्य, संसद सदस्यों द्वारा कानूनी सहायता कार्यक्रम के संबंध में उठाये गये लोकसभा अंताराकित प्रश्न संख्या 1034 जिसका उत्तर 22.07.2022 को दिया जाना है के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **पिछले तीन वर्षों के दौरान जो नि:शुल्क विधिक सहायता सेवाएं प्रदत्त की गई थी उन व्यक्तियों की संख्या से संबंधित ब्यौरे की दर्शाने वाला विवरण** | | | | |
| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र प्राधिकरण का नाम** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** |
| 1 | अंदमान और निकोबार द्वीप समूह | 43 | 65 | 79 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4,396 | 4,474 | 6,371 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 3,932 | 1,984 | 2,657 |
| 4 | असम | 8,002 | 10,027 | 1,10,254 |
| 5 | बिहार | 60,139 | 38,653 | 16,89,158 |
| 6 | चंदीगढ | 2,261 | 1,242 | 1,781 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 81,713 | 26,814 | 42,394 |
| 8 | दादरा और नागर हवेली | 28 | 10 | 27 |
| 9 | दमन और दीव | 0 | 0 | 17 |
| 10 | दिल्ली | 79,458 | 82,131 | 79,055 |
| 11 | गोवा | 3,006 | 875 | 1,101 |
| 12 | गुजरात | 26,887 | 8,302 | 21,953 |
| 13 | हरियाणा | 19,019 | 11,059 | 23,260 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 4,368 | 2,083 | 4,806 |
| 15 | जम्मू - कश्मीर | 4,961 | 7,675 | 8,870 |
| 16 | झारखंड | 30,530 | 1,31,691 | 6,49,481 |
| 17 | कर्नाटक | 1,45,015 | 23,211 | 32,794 |
| 18 | केरल | 71,058 | 11,242 | 16,895 |
| 19 | लद्दाख | 0 | 93 | 2,408 |
| 20 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 2,68,351 | 87,843 | 33,43,800 |
| 22 | महाराष्ट्र | 24,060 | 12,278 | 22,595 |
| 23 | मणिपुर | 18,257 | 56,635 | 22,651 |
| 24 | मेघालय | 2,914 | 2,131 | 2,346 |
| 25 | मिजोरम | 9,473 | 1,670 | 3,201 |
| 26 | नागालैंड | 3,691 | 4,231 | 7,750 |
| 27 | ओडिशा | 8,025 | 6,029 | 8,849 |
| 28 | पुडुचेरी | 1,295 | 309 | 884 |
| 29 | पंजाब | 1,27,829 | 27,096 | 36,404 |
| 30 | राजस्थान | 32,413 | 12,274 | 13,833 |
| 31 | सिक्किम | 928 | 702 | 986 |
| 32 | तमिलनाडु | 35,552 | 26,491 | 38,181 |
| 33 | तेलंगाना | 15,145 | 3,488 | 6,712 |
| 34 | त्रिपुरा | 13,595 | 2,156 | 2,671 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 60,819 | 3,545 | 1,32,629 |
| 36 | उत्तराखंड | 3,018 | 2,343 | 3,775 |
| 37 | पश्चिमी बंगाल | 41,956 | 20,906 | 29,015 |
| | **कुल योग** | **12,12,137** | **6,31,758** | **63,69,643** |

*********************